हिंदू समाज ने अतिक्रमण पर वर्षों से मौन जिला प्रशासन से किया सवाल

नवभारत,दमोह. मुख्यमंत्री द्वारा भूमिपूजन कॉरिडोर निर्माण में आ रही बाधा को दूर करने जिला प्रशासन की रुचि नहीं दिख रही.जिले भर से एकत्रित होकर हिंदू समाज ने 30 जून मंगलवार को दमोह में मुख्यमंत्री व पर्यटन संस्कृति मंत्री के नाम लिखित ज्ञापन जिला कलेक्टर को दिया. प्रदेश सरकार द्वारा बांदकपुर धाम के संपूर्ण विकास के लिए भव्य विशाल कोरिडोर निर्माण विस्तार के लिए 100 करोड़ की भारी राशि की घोषणा की जिससे धाम आने वाले श्रद्धालुओं भक्तों को व्यवस्थित निर्माण के साथ अनेक सुविधाएं मिलेगी.जैसे पर्वों पर दर्शन में आसानी,व्यवस्थित वाहन पार्किंग, रुकने बैठने ठहरने के उचित स्थान,भोजन प्रसाद,भजन पूजन के साथ सुलभ कॉम्प्लेक्स आदि भव्य कोरिडोर विस्तार से स्थानीय लोगों के साथ साथ आसपास के ग्रामों में अनेक रोजगार के अवसर मिलेंगे और

धाम की भव्यता सुंदरता से पूरे दमोह जिले की तस्वीर बदल जाएगी. लेकिन यह तभी संभव होगा जब धरातल पर भव्य विशाल व्यवस्थित ऐतिहासिक कॉरिडोर निर्माण विस्तार होगा.निर्माण में सबसे बड़ी दिक्कत निर्माण के लिए खाली जगह की कमी है।जिस पर जिला प्रशासन मौन बैठा है. श्रद्धालु धर्म प्रेमी यहां तक बोल रहे हैं कि जो मांग मंदिर ट्रस्ट कमेटी बांदकपुर को उठानी चाहिए वह सामान्य श्रद्धालुओं धर्म प्रेमियों को उठानी पड़ रही है।जिससे कोरिडोर निर्माण में बाधा डालने वाले अब तक निर्माण कार्य में देर करने में सफल रहे हैं। भव्य कोरिडोर निर्माण विस्तार के लिए जिले भर से हिंदू समाज से अमर राजपूत,कपिल सोनी अध्यक्ष सकल हिंदू समाज,नगर के वरिष्ठ पंडित पौराणिक जी, कृष्णा पटेल युवा नेता,आशीष कटारे बड़ी देवी मंदिर,राजू ठाकुर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि,वीरू नेमा पूर्व सांसद प्रतिनिधि,मोनू पाठक जटाशंकर मंदिर,बांदकपुर अरविंद पाठक,भूरा अहिरवाल, सतीश तिवारी बीजेपी नेता,डॉ केदार शर्मा,रिंकी जैन, अब्बू जैन, करणी सेना दल,गोलू चौबे बजरंग दल प्रभारी,नंदू यादव ,उधम सिंह, नित्या प्यासी, बाबी नामदेव, हरवंश राठौर,गणपत लोधी,डब्लू जैन ,जीवन जैन सहित बांदकपुर से भारी संख्या में स्थानीय जनों की उपस्थिति रही.जिले के कोने कोने से सैकड़ों की संख्या में धर्म प्रेमी भक्तजनों श्रद्धालुओं रहें.

जन-धन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, पुलिस प्रशासन करे सख्त कानूनी कार्रवाई : मंदिर ट्रस्ट

जीर्ण-शीर्ण धर्मशाला को तत्काल खाली कराया जाए

नवभारत,बांदकपुर/दमोह। देव श्री जागेश्वरनाथ जी मंदिर ट्रस्ट, बांदकपुर के प्रवक्ता पं. रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि मंदिर परिसर स्थित पुरानी धर्मशाला, मिठाई लाइन की इमारत अत्यंत जर्जर एवं लगभग 73 वर्ष पुरानी हो चुकी है। विशेषज्ञों एवं प्रशासनिक निरीक्षणों के अनुसार यह भवन किसी भी समय गिर सकता है।ऐसे में जन-धन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर ट्रस्ट द्वारा धर्मशाला में संचालित दुकानों को खाली कराने की विधिवत प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।प्रवक्ता ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा संबंधित दुकानदारों को पूर्व में भी 16 जुलाई 2025 को लिखित सूचना दी गई थी।इसके उपरांत पुन: विधिवत नोटिस जारी कर स्पष्ट किया गया है कि भवन अत्यंत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तथा आगामी वर्षा ऋतु में इसके गिरने की आशंका और अधिक बढ़ गई है। यदि समय रहते भवन खाली नहीं कराया गया तो किसी भी समय बड़ी दुर्घटना घट सकती है, जिससे जन-धन की अपूरणीय क्षति होने की संभावना है।मंदिर ट्रस्ट द्वारा जिन दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं,उनमें प्रमुख रूप से-अमित कुमार सिंघई,सदन कुमार नेमा,श्रीमती प्रेमलता राजेश नेमा,कैलाश चंद नेमा,दशरथ यादव,श्रीमती राजकुमारी नेमा,दिनेश कुमार नेमा,संतोष कुमार तिवारी,प्रदीप कुमार जैन,सुरजीत सिंह राजपूत,संतीश कुमार शुक्ला,श्रीमती सीमा राजपूत,संतोष कुमार नामदेव,श्रीमती बैनी बाई खटीक को सात दिवस के भीतर दुकानें व कब्जा खाली कर मंदिर कार्यालय को सुपुर्द करने हेतु निर्देशित किया गया है।प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्यवाही किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं,बल्कि श्रद्धालुओं, दुकानदारों व आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर की जा रही है।मंदिर ट्रस्ट का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि संभावित दुर्घटना को रोकना है।उन्होंने आगे कहा कि केवल धर्मशाला ही नहीं, बल्कि मंदिर ट्रस्ट की भूमि व शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमणों के संबंध में भी प्रशासन द्वारा पूर्व से कार्यवाही जारी है।लगभग 157 अतिक्रमण कारियों को तहसीलदार द्वारा विधिवत नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जिनमें मंदिर ट्रस्ट व सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के निर्देश दिए गए .

श्री इमलावाले हनुमान मंदिर बकायन को लोकन्यास ट्रस्ट का दर्जा

नवभारत,दमोह। क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री इमलावाले हनुमान जी मंदिर, बकायन को आधिकारिक रूप से लोकन्यास (ट्रस्ट) घोषित कर दिया गया है। यह निर्णय अनुविभागीय अधिकारी,पथरिया द्वारा आदेश क्रमांक 162/बी-121/2025-26 दिनांक 18 जून 2026के तहत जारी न्यायालयीन आदेश के अनुसार लिया गया।इस ट्रस्ट के गठन में महंत महामंडलेश्वर हरिदास,महंत राम अनुग्रह दास (छोटे सरकार), अनुविभागीय अधिकारी नीकेत चौरसिया, योगेन्द्र चौधरी तहसीलदार बटियागढ़ तथा क्षेत्र की जनता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। लंबे समय से चली आ रही जनभावनाओं और मांग को ध्यान में रखते हुए मंदिर के सुव्यवस्थित संचालन एवं विकास के उद्देश्य से लोकन्यास ट्रस्ट का गठन किया गया है। ट्रस्ट के पदाधिकारी महंत हरिदास, अध्यक्ष, संरक्षक व प्रबंधक संजय

कुमार पलनीटकर, उपाध्यक्ष राकेश दुबे, सचिव महंत राम अनुग्रह दास, कोषाध्यक्ष बलराम पटैल, उत्सव संयोजक ऋषि पटेल,सदस्य विनय असाटी,सदस्य पुरुषोत्तम असाटी, सदस्य लक्ष्मण विश्वकर्मा, सदस्य हरिशंकर चौरसिया, सदस्य विशाल पटेल, सदस्य ट्रस्ट के उपाध्यक्ष संजय कुमार पलनीटकर ने बताया कि हजारों हनुमान भक्तों की अपेक्षाओं के अनुरूप ट्रस्ट पूर्ण पारदर्शिता, समर्पण और सेवा भाव के साथ मंदिर के समग्र विकास, धार्मिक गतिविधियों के सुव्यवस्थित संचालन तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य करेगा।

सेवानिवृत्त

सेवानिवृत्त शिक्षक पहाड़ी सिंह को दी विदाई

कुम्हारी नवभारत 30 जून। शासकीय एकीकृत शाला कुलुवा में 35 वर्षों की उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवा पूर्ण करने पर शिक्षक पहाड़ी सिंह लोधी के सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य साहिल सिंह, विकास खंड अधिकारी मुकेश गूजरे थाना प्रभारी बृजेश पांडे,संकुल प्रभारी हरिशंकर लोधी, प्रधान पाठक सचिन जैन सहित जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने उनके शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी।श्रीफल, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मान इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने श्रीफल, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। वक्ताओं ने उनके सरल, अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में पढ़े अनेक विद्यार्थी आज विभिन्न शासकीय एवं अन्य विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं, जो उनके सफल शिक्षक जीवन का प्रमाण है।

सेवानिवृत्त वनकर्मियों को दी गई विदाई

कुम्हारी नवभारत 30 जून। वन परिक्षेत्र सगोनी में कार्यकाल पूर्ण होने पर बीट गार्ड सलीम बख्शी एवं स्थायी कर्मी देवी सिंह का सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके लंबे और समर्पित सेवाकाल की सराहना करते हुए विदाई दी। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी अखिलेश चौरसिया, डिप्टी रेंजर मुकेश पाराशर, जगदीश समदड़िया सहित वन विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।सभी ने दोनों सेवानिवृत्त वनकर्मियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सलीम बख्शी एवं देवी सिंह को श्रीफल और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

सेवा,समर्पण,सम्मान का संगम,5 सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को दी विदाई

नवभारत,दमोह। दमोह पुलिस परिवार ने न्यू पुलिस कंट्रोल रूम, दमोह में सेवानिवृत्त हो रहे पांच अधिकारी-कर्मचारियों के सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया .समारोह के दौरान सभी सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने लंबे सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए विभाग में बिताए गए यादगार पलों को स्मरण किया।सभी ने पुलिस सेवा के दौरान मिले अनुभवों, चुनौतियों और जनसेवा के अवसरों को अपने जीवन की अमूल्य धरोहर बताया। उपस्थित पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि (भा.पु.से.) ने सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों ने भी उनके योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण करते हुए भावभीनी शुभकामनाएं दीं।

सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य ऋषभ जैन ने दी 35 वर्ष सेवा

नवभारत,दमोह। सरस्वती शिशु मंदिर परिवार के लिए आज का दिन अत्यंत भावुक रहा। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ऋषभ जैन को 35 वर्ष की लंबी सेवा के बाद भावभीनी विदाई दी गई। ऋषभ जैन ने वर्ष 1991 से निरंतर सरस्वती शिशु मंदिर में अपनी सेवाएं दीं।इस दौरान उन्होंने हजारों विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।वे केवल शिक्षक नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और आदर्श जीवन के प्रेरणास्रोत रहे।अपने ज्ञान, स्नेह और समर्पण से उन्होंने अनगिनत विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल बनाया। कई पूर्व छात्रों ने कहा कि उनका सान्निध्य सौभाग्य की बात रही और उनका मार्गदर्शन जीवनभर स्मरणीय रहेगा।

असाटी समाज के दो वरिष्ठ सदस्य हुए सेवानिवृत्त, दी गई शुभकामनाएं

नवभारत,दमोह। असाटी समाज के दो विशिष्ट और वरिष्ठ समाज बंधुओं को शासकीय सेवा से सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्ति पर बधाई दी गई। नायब तहसीलदार दिनेश असाटी पड़या और राजेंद्र असाटी चंदू जी 30 जून 2026 को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए। समाजजनों ने दोनों वरिष्ठ सदस्यों को सेवानिवृत्ति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। समाज ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे हमेशा स्वस्थ, प्रसन्न रहें और उन पर कृपा दृष्टि बनी रहे। जीवन की अगली पारी के लिए उन्हें अनेकानेक अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

पल्स पोलियो अभियान के तहत 105740 बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

नवभारत,दमोह। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के पहले दिवस 105740 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर प्रतिरक्षित किया गया। अभियान के अन्तर्गत 29 एवं 30 जून को छूटे हुए बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने स्वास्थ्य विभाग की टीमें- घर-घर भ्रमण कर, मोबाईल एवं ट्रांजिट टीम के माध्यम से ऐसे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी जो किसी कारणवश पोलियो रोधी दवा पीने से छूटे गये है। आमजन की सुविधा के लिए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाट-बाजार, मेले एवं अन्य आवागमन वाले स्थानों पर टीमें पोलियो की दवा से वंचित बच्चों की पहचान कर पोलियो की दवा पिलाने का कार्य किया जा रहा है।

सेफ क्लिक 2 .0 : पीजी कॉलेज क्रिकेट अकादमी में बच्चों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

नवभारत,दमोह। सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के तहत आज पीजी कॉलेज क्रिकेट अकादमी दमोह में साइबर सेल टीम ने बच्चों को साइबर अपराध और ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में आरक्षक शिवम नामदेव, आरक्षक निखिल परस्ते, आरक्षक उमेश सिंह एवं समस्त साइबर सेल टीम दमोह उपस्थित रही।

पुलिस ने जन जागरुकता रथ हिण्डोरिया पहुंचा सायबर अपराध रोकने जागरूक किया

नवभारत,हिण्डोरिया/दमोह। मध्यप्रदेश पुलिस का साइबर अपराधों के प्रति जन जागरूकता अभियान रथ मंगलवार को बस स्टेण्ड हिंडोरिया पहुंचा .इस मौके पर साइबर अपराध से सावधान रहने, अनजान नंबरों से आने वाली काल पर भरोसा न करने, अनजान नंबर से आए कॉल पर लिंग, फोटो, वीडियो, एपीके फाइल से डाउनलोड न करने किसी भी भय लालच का शिकार न बनने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई।साथ ही सायवर अपराध से पीड़ित नागरिकों को हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया।इस मौके पर जन जागरूकता अभियान रथ के माध्यम से पंपलेट आदि नागरिकों मे वितरित किये गए।इस मौके पर एएसआई राम कुमार ठाकुर, प्रधान आरक्षक मयूर बड़गैयां, आरक्षक देवेंद्र, आरक्षक योगेन्द्र सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे.

पथरिया में नुक्कड़ नाटक से दिया साइबर सुरक्षा का संदेश

नवभारत,पथरिया/दमोह. थाना पथरिया में 30 जून 2026 को सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन गल्ला बाजार पथरिया में किया गया।कार्यक्रम में एसडीओपी की उपस्थिति में सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

सम्राट अशोक क्रांति सेना द्वारा सतरिया और हिंडोरिया में सामाजिक जागृति जन चौपाल आयोजित

सैकड़ों युवाओं ने ली सदस्यता

नवभारत,दमोह। सम्राट अशोक क्रांति सेना दमोह के तत्वाधान में रविवार, 28 जून को हटा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सतरिया (शिव मंदिर प्रांगण) व नगर परिषद हिंडोरिया (शनि मंदिर प्रांगण) में सामाजिक जागृति जन चौपाल का भव्य आयोजन किया गया।इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य समाज में जागृति लाना और सम्राट अशोक क्रांति सेना के संगठन का विस्तार करना था। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र कुशवाहा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योगेंद्र कुशवाहा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, सम्राट अशोक क्रांति सेना एवं नेता, समाजवादी पार्टी) विशेष रूप से उपस्थित रहे।उन्होंने अपने संबोधन में

समाज को एकजुट होने का संदेश दिया।सामाजिक न्याय और हक-हिस्सेदारी पर रहा जोर जन चौपाल के दौरान सामाजिक न्याय,शासन-सत्ता में समाज की सक्रिय भागीदारी और हक-हिस्सेदारी जैसे गंभीर विषयों पर पुरजोर तरीके से बात रखी गई।संगठन की विचारधारा और राष्ट्रीय अध्यक्ष के विचारों से प्रभावित होकर कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ों युवाओं ने सम्राट अशोक क्रांति सेना की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की और समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

अग्निवीर जवान जगमोहन सिंह राजपूत का हुआ स्वागत, उमड़ा जनसैलाब

नवभारत,दमोह/पटेरा। क्षेत्र के होनहार युवा जगमोहन सिंह राजपूत भारतीय सेना की अग्निवीर योजना के अंतर्गत चयनित होकर पंजाब रेजीमेंट से सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद मंगलवार को अपने गृह ग्राम पहुंचे .उनके आगमन पर क्षेत्रवासियों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया. हिंडोरिया से ग्राम तिंदनी तक निकाली गई स्वागत यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक शामिल हुए।स्वागत यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर वीर जवान का अभिनंदन किया गया।

चौकी जबलपुर नाका पुलिस की कार्रवाही लंबे समय से फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

नवभारत, दमोह। पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में जिले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी व अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है.इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी के नेतृत्व में चौकी जबलपुर नाका पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की.विशेष अभियान के दौरान पुलिस टीम ने थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 241/2026 में लगभग 02 माह से फरार आरोपी, अपराध क्रमांक 312/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम में फरार आरोपी तथा अपराध क्रमांक 212/2026 में लगभग 04 माह से फरार आरोपियों को गिरफ्तार

किया. गिरफ्तार सभी आरोपियों की वैधानिक कार्रवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया. प्रकरणों में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है.इस सफल कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रियंका पटेल, एएसआई अक्षेन्द्रनाथ, प्रधान आरक्षक सुमन सचिन नामदेव,गणेश, जालम, नंदलाल, आरक्षक रूपेश यादव , आरक्षक गौरव आदि रहें.

एक नजर में

दीपक जैन ने ग्रहण किया आदर्श महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक का पदभार

नवभारत,दमोह। आदर्श महाविद्यालय, दमोह (बरपटी) में दीपक जैन ने सहायक प्राध्यापक पद पर चयन के बाद पदभार ग्रहण कर लिया है। इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी गईं। दीपक जैन ने लगभग 18 वर्षों तक स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएं पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ प्रदान कीं। उनकी कठिन मेहनत, लगन, अनुशासन और उत्कृष्ट कार्यशैली का ही परिणाम है कि आज उन्होंने यह गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। शुभचिंतकों ने कहा कि यह सफलता उनके अथक परिश्रम और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य, सफल शैक्षणिक जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की है। उनका अनुभव और मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

पटेरा में वन मंडल अधिकारी ने बच्चों को पढ़ाया पर्यावरण का पाठ

नवभारत,पटेरा/दमोह। समग्र शिक्षा अभियान जिला दमोह के अंतर्गत कलेक्टर के आदेशानुसार स्कूल चले अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) ईश्वर जरांडे ने शासकीय सीएम राइस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा पहुंचकर छात्र-छात्राओं को स्कूल अभियान का पाठ पढ़ाया .डीएफओ ने बच्चों को वन विभाग से जुड़ी जरूरी जानकारियां दीं।उन्होंने पेड़-पौधों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीवों के बारे

हुजूर मुफ्तिये आज़म हिन्द का मनाया जलसा

नवभारत,दमोह। हज़रत हुज़ूर मुफ्तिये आज़म हिन्द के उर्स की फ़ातिहा का आयोजन प्रतिवर्षानुसार स्थानीय पठानी मोहल्ला में हाफ़िज खलील साहब के निवास पर आयोजित हुई .गौरतलब है कि 13 मोहर्रम को हुज़ूर मुफ्तिये आज़म हिन्द का उर्स सारे देश प्रदेश में उनके चाहने वाले मनाते हैं इसी तारतम्य में उर्स की फ़ातिहा व लंगर का आयोजन हुआ।इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के बरेली से आये हज़रत सूफ़ी अब्दुर्रहमान साहब ने शिरकत की और तक़रीर फरमाई। जलसे में मौलाना तहसीन रज़ा मुनव्वर रज़ा हाफिज शहंशाह रज़ा,इमाम पठानी हाफिज आरिफ़,शायर ताबिश नैयर, हाजी मिर्ज़ा महमूद बेग सहित अनेक हाफिजों ने शिरकत की।

पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे कलेक्टर

नवभारत,पथरिया/दमोह. जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव लगातार अस्पतालों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार, 29 जून को उन्होंने पथरिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एक मरीज ने दवाइयां उपलब्ध नहीं होने की शिकायत की। इस पर

कलेक्टर ने तत्काल ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर से जानकारी ली।बताया गया कि संबंधित दवाएं अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं और जिला मुख्यालय से मांग की गई है। कलेक्टर ने तत्काल सीएमएचओ को आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये.

अनुपस्थिति अवधि का वेतन काटने के निर्देश

कलेक्टर ने डॉक्टरों को निर्देशित किया कि अस्पताल की किसी भी कमी की जानकारी समय पर बैठकों में दें, ताकि उसका शीघ्र समाधान किया जा सके। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी के अवलोकन में डॉ. अमित जैन अनुपस्थित पाए गए।जानकारी मिलने पर कि उनका स्थानांतरण हो चुका है, कलेक्टर ने अनुपस्थिति अवधि का वेतन काटने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होने कहा डॉक्टर मेहनत कर रहे हैं,लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार आवश्यक है।

कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 5 किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत,दमोह। सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 5 किलो गांजा बरामद किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी बटियागढ़ थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस),एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे के निर्देशन एवं कोतवाली टीआई मनीष कुमार के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक नीतेश जैन द्वारा की गई। कार्रवाई में प्रआर महेश यादव, घासीराम, आरक्षक नरेंद्र

पटेरिया और बृजेंद्र मिश्रा की विशेष भूमिका रही। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है।मामले का विस्तृत खुलासा जल्द किए जाने

5 किलो गांजा तस्करी में आरोपी को 3 साल का सश्रम कारावास

नवभारत,दमोह। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अमर गोयल ने गांजा तस्करी के आरोपी को सजा सुनाई है। आरोपी भगवत पुत्र आशाराम आदिवासी, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम भियाना, थाना बटियागढ़ को धारा 20(बी)(पप)(सी) एनडीपीएस एक्ट में 3 वर्ष के कठोर कारावास एवं 10,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। मामला है 14 नवंबर 2021 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इमलाई बायपास पर घेराबंदी की। आरोपी भगवत आदिवासी सारनाथ एक्सप्रेस से उड़ीसा से गांजा लेकर आया था।

स्कूल चले हम अभियान के तहत एसपी ने बढ़ाया छात्राओं का हौसला

नवभारत,बटियागढ़/दमोह। स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि उत्कृष्ट विद्यालय बटियागढ़ पहुंचे .उन्होंने मां सरस्वती का पूजन कर विद्यालय का भ्रमण किया. विद्यालय प्राचार्य बीएस रावत ने शाल और श्रीफल भेंट कर एसपी का आत्मीय स्वागत किया.पुलिस अधीक्षक कलादगि (आईपीएस) ने कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से खुलकर संवाद किया।

हादसा | पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर मामले की जांच शुरू की

जबेरा में दर्दनाक सड़क हादसा, ट्रक की चपेट में आने से 18 वर्षीय युवक की मौत

नवभारत,जबेरा/दमोह। दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई. हादसा जबेरा थाना क्षेत्र के मजा नाले के पास वेयरहाउस के सामने हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौके पर गंभीर चोटें आईं.प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गिदरा निवासी गिरवर व कुलदीप (18 वर्ष), पिता जालम सिंह, किसी कार्य से जबेरा आए थे. वापस लौटते समय भदर नाले के पास दमोह से जबलपुर की ओर जा रहे ट्रक ने कुलदीप को कुचल दिया।

घटना की सूचना स्थानीय युवक मोंटू बाजपेयी ने जबेरा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एएसआई अशोक सिंह एवं आरक्षक वीरेंद्र सिंह

मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को ट्रक के नीचे से निकालकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जबेरा ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवाया है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंपा जाएगा। वहीं पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।हादसे की खबर मिलते ही मृतक की मां एवं अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे क्षेत्र में घटना को लेकर शोक का माहौल है।

दमोह-नरसिंहगढ़ मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

नवभारत,दमोह। जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत नरसिंहगढ़-दमोह मार्ग पर रवि-सोम करीब 1 बजे देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार यादव को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छोटू उर्फ भरत यादव खडेरी गांव का निवासी बताया जा रहा है। घटना की खबर मिलते ही चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी सहित पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। प्रधान आरक्षक प्रकाश सहित पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।